हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 19. 0 डिग्री

2 अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज




## खबर संक्षेप

### वन अधिकार पत्रों का डिजिटाइजेशन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा एवं बलौदा विकासखंड में वन अधिकार अधिनियम 2006 अंतर्गत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का वितरण किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अन्य किसानों की भांति वन अधिकार पट्टा धारक किसानों को भी शासकीय योजनाओं का लाभ विभागों के माध्यम से नियमानुसार दिया जाना है। जिसके लिए वर्तमान स्थिति में हितग्राहियों की व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों का डिजिटाइजेशन एवं जियो टैगिंग का कार्य आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है। डिजिटाइजेशन एवं जिओ टैगिंग के लिए हितग्राहियों 15 मार्च तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में अपनी समस्त जानकारी जैसे वन अधिकार पत्र, वन अधिकार पत्र पुस्तिका, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पति-पत्नी का बैंक पासबुक. आश्रितों की जानकारी एवं आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, मनरेगा कार्ड, एवं अन्य शासकीय योजनाओं संबंधी दस्तावेज के मूल प्रति के साथ उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र का डिजिटाइजेशन एवं जिओ टैगिंग करा सकते हैं।

### बुनकरों का सम्मान कार्यक्रम आज

**जांजगीर- चांपा।** कोसा लाइवलीहुड एंड सोशल फाउंडेशन द्वारा बुधवार 12 मार्च को रंगमहल रिसॉट होटल लछनपुर में शिल्प उन्नति समारोह का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे स्वागत एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम होगा। 11:30 बजे कोसा से कृति कार्यक्रम 11:50 बजे सुरक्षित भविष्य की ओर जीवन बीमा, 12:30 बजे लोक संगीत कार्यक्रम, 1:15 बजे योजना के तहत बुनकरों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

### होली पर कवि सम्मेलन का आयोजन 14 को

**अकलतरा।** नगर की सामाजिक संस्था पहल द्वारा होली के पावन अवसर पर 14 मार्च को नगर के शास्त्री चौक में शाम 6 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हास्य व्यंग कवि बंशीधर मिश्रा, श्रृंगार रस की कवित्री प्रियंका मिश्रा, रमेश विश्वहार, पवन बांके बिहारी, मनोज इलाहाबादी एवं राजेश उर्मिल द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। पहल संस्था के सदस्यों ने बताया कि नगर में विगत तीन वर्षों से संस्था द्वारा होली के पावन अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कवि सम्मेलन में महिलाओं एवं नगर वासियों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था करने के साथ-साथ सुरक्षा के विशेष इंतजाम भी किए जाएंगे। नगर की सामाजिक संस्था पहल द्वारा होली के पावन अवसर पर 14 मार्च को नगर के शास्त्री चौक में शाम 6 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जहां कविगण अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मनोरंजन करेंगे।

### नवीन महाविद्यालय बिर्रा में सम्मान समारोह आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा में सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार 12 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजन रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, अध्यक्षता गगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मोहन कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य, मनीषा चौहान जनपद अध्यक्ष पंचायत बम्हनीडीह, उतरा सिदार उपाध्यक्ष, रितेश रमण सिंह जनपद सदस्य, पिलीबाई एकादशिया साहू सरपंच बिर्रा सहित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। बुधवार को सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।

## प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों का विवाद

# जिला चिकित्सालय में ओपीडी का बहिष्कार, साइकिल स्टैण्ड में उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


जिला अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन के साथ डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों के बीच चल रहा विवाद थमने के बजाए दिन ब दिन और गहराने लगा है। घटना के सातवें दिन डॉक्टरों और स्टाफ ने ओपीडी का बहिष्कार कर दिया। ऐसे में वे अस्पताल के सामने साइकिल

**स्टॉफ के बीच चल रहा विवाद थमने का नहीं ले रहा नाम**

स्टैण्ड के पास दरी में बैठकर इलाज करने लगे। इधर इस तरह के हालातों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ जिम्मेदार जिला प्रशासन की भी किरकिरी होने लगी है।

गौरतलब है कि बीते 5 मार्च को जिला अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने प्रभारी सिविल सर्जन पर तानाशाही रवैया अपनाते हुए डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यव्हार करने का आरोप लगाया था। इतना ही नहीं स्टाफ नर्सों ने भी प्रभारी सिविल सर्जन पर गंभीर आरोप लगाए। इस मामले को लेकर उन्होंने जिला अस्पताल से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च करते हुए कलेक्टर से भी फरियाद लगाई। इसके बाद उच्चाधिकारियों से भी इस मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। इधर मामले के छह दिन बीत जाने के बाद भी उचित कार्रवाई नहीं होने से क्षुब्ध डॉक्टरों और स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारियों ने आंदोलन का रुख अख्तियार कर दिया। मामले के सातवें दिन मंगलवार 11 मार्च को जिला अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी निर्धारित समय पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओपीडी का बहिष्कार करते हुए सामने साइकिल स्टैण्ड के पास दरी बिछाकर इलाज करना शुरु कर दिया। ओपीडी में पूरे समय तक विरानी छायी रही। स्थिति यह बनी की इलाज कराने वाले मरीज और उनके परिजन साइकिल स्टैण्ड के पास दरी बिछाकर बैठे डॉक्टरों के पास पहुंचे। वहीं पर उनका चेकअप हुआ और दवा पर्ची लिखी जाने लगी। इधर ओपीडी का बहिष्कार करने वाले डॉक्टरों और अस्पतालीन कर्मचारियों ने अपनी मांगें दोहराते हुए प्रभारी सिविल सर्जन को तत्काल हटाने उचित कार्रवाई करने की मांग रखी।


सायकल स्टैण्ड के पास बैठकर मरीजों का उपचार करते डॉक्टर


चिकित्सक के नहीं होने से ओपीडी की खाली पड़ी कुर्सी।

**चल रही जांच**

शिकायत पर अपर कलेक्टर की अध्यक्षता पर जांच टीम गठित की गई है। जांच टीम संबंधितों से बयान ले रही है। जांच पूरी होने के बाद जो प्रतिवेदन प्राप्त होगा। उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

-उज्जवल पोरवाल,
अपर कलेक्टर जांजगीर चांपा

# फर्जी सिम जारी करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर सहित 2 गिरफ्तार

## सायबर सेल व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बगैर दस्तावेज के 102 फर्जी सिम जारी करने के मामले में दो आरोपियों को सायबर सेल व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जियो कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर भी शामिल है। मामला सिटी कोतवाली का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशन में जिले में फर्जी तरीके से मोबाईल नम्बर जारी करने वाले मोबाइल दुकान के संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना जांजगीर पुलिस एवं साईबर सेल जांजगीर-चांपा द्वारा थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत फन मोबाइल नैला जांजगीर के द्वारा कुल 56 फर्जी सिम दुकान संचालक किशोर राम वानी निवासी जांजगीर, रेखा मोबाइल ब्लॉक कोलोनी जांजीगर के संचालक अंकिता गुप्ता उम्र 30 साल पता कृषि आफिस के पीछे ब्लॉक कालोनी जांजीगर वार्ड न. 20 थाना जांजगीर द्वारा 19 फर्जी सिम एवं मोबाईल दुकान गोनिक्स मोबाइल रिंग रोड जांजगीर के संचालक निखिल देवांगन उम्र 31 वर्ष पता रानी पारा वार्ड नं. 13 जांजगीर थाना जांजगीर 27 फर्जी सिम इस प्रकार कुल 102 सिम ग्राहकों के जानकारी के बगैर तैयार करना पाए जाने से कार्यवाही करते हुए 2 मार्च को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के फरार आरोपी ओंकार धीवर उम्र 20 वर्ष निवासी बनारी वार्ड क्र 20 थाना जांजगीर, सौरभ पालीवाल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्र 17 विवेकानंद मार्ग जांजगीर थाना जांजगीर, जिओ कंपनी का डिस्टीब्यूटर) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही निरीक्षक प्रवीण दिवेद्वी, उनि सत्यम चौहान सायबर सेल प्रभारी उनि पारस पटेल, सउनि विवेक सिंह, राम प्रसाद बघेल, प्र. आरक्षक मनोज तिग्गा, राजकुमार चन्द्रा, आरक्षक गिरीश कश्यप, रोहित कश्यप, विरेन्द्र भैना सहित स्टाफ का योगदान रहा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# असामाजिक तत्वों ने पैरावट में लगाई आग, लाखों का सामान जलकर खाक


पैरावट में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

होली त्योहार के पूर्व नगर पंचायत राहौद में सोमवार की रात असमाजिक तत्वों के लोगों ने पैरावट में आग लगा दी। जिससे किसान को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है।

नगर के किसान और गौ पालक मोतीलाल यादव के नऊआ तालाब के पास स्थित पैरावट में रखे बड़े-बड़े तीन पैरा खरही व खेती किसानी में उपयोग में लाए जाने वाले एक नग गाड़ा और घरेलू लकड़ी को आधी रात आग के हवाले कर दिया। किसान को उनके पैरावट में लगी आगजनी की घटना की सूचना मिलने पर उनके होश उड़ गए। पैरावट में तीन पैरा के खरही और गाड़ा धू-धू जल रहा था। कृषि उपयोगी व खेतों से धान ढोने के एक नग गाड़ा जलकर खाक हो गया है। इस घटना के बाद पीड़ित मोतीलाल यादव के परिवार के उपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। सोमवार को हुई आगजनी की घटना के बाद स्थानीय पुलिस पर फिर से सवाल उठ रही है। नगरवासियों की मानें तो आए दिन मार-पीट, लूटपाट और अन्य अपराध हो रहे है।

### आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए आवेदन 18 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाडी केंन्द्र पचोरी 02 में कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाडी केंन्द्र कपिस्दा 1, कपिस्दा 2, चाम्पा अंतर्गत आंगनबाडी केंन्द्र सोनारपारा 1 सहायिका पद हेतु 18 मार्च तक कार्यालयीन समय में सीधे, पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह से संपर्क किया जा सकता है। मिली जानकारी के अनुसार आंगनबाडी केंन्द्र सोनारपारा 1 सहायिका पद हेतु 18 मार्च तक कार्यालयीन समय में सीधे, पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी बम्हनीडीह कार्यालय से ले सकते है।

## होलिकाना माहौल शुरू...



**जांजगीर-चांपा।** होलिका दहन गुरूवार 13 मार्च को किया जाएगा। जिसके लिए बच्चे व युवा उत्साहित नजर आ रहे है। शुक्रवार 14 मार्च को रंगों का त्यौहार होली मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। फोटो : हरिभूमि

### बसंतपुर में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ 19 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र की कृपा से अखंड नवधा रामायण का आयोजन 19 मार्च दिन बुधवार को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया जाएगा। यह 9 दिन एवं 9 रात लगातार चलेगा। व्यास आचार्य कन्हैयालाल दुबे होंगे। इस दौरान मानस ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है जिसका फाइनल प्रतियोगिता 27 मार्च दिन गुरुवार को रात्रि 8:00 बजे से होगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए द्वितीय पुरस्कार 10000 रुपए और तृतीय पुरस्कार 7000 रुपए आदि रखा गया है। ज्योति रक्षक एवं बैगा दादूराम मांझी को बनाया गया है।

# अग्निशमन सेवा के वाहनों का अतिरिक्त डीआईजी सेनानी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आपदा राहत में उपयोग उपकरण एवं संसाधनों का निरीक्षण डीआईजी सेनानी ने किया है। इस बीच जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिरिक्त प्रधान सेनानी डी.आई.जी. एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र एवं प्रभारी संभागीय सेनानी एस.के. ठाकुर ने कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना जांजगीर-चांपा का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीन दस्तावेज एवं पंजीयों की जांच कर बाढ आपदा राहत में उपयोग हेतु उपकरणों तथा अग्निशमन सेवा से संबंधित वाहनों एवं संसाधनों की बारीकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जवानों चर्चा कर उनकी समस्याएँ सुनी गई। इस दौरान उन्होंने जवानों के परेड एवं किट का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी सुश्री योग्यता साहू सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंधित वाहनों एवं संसाधनों की बारीकी से हाल जाना।




## प्रधान पाठक एवं शैक्षिक समन्वयकों को जारी किया गया है निर्देश

# अपार आईडी बनाने जिले में बम्हनीडीह ब्लाक पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

छात्र छात्राओं के अपार आईडी बनाने जिले में बम्हनीडीह ब्लाक पहले स्थान पर है। यहां 83 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। ब्लाक शिक्षा अधिकारी द्वारा अपार आईडी बनाने को लेकर प्रधान पाठक एवं शैक्षिक समन्वयकों को निर्देश जारी किया गया है।

ज्ञात हो कि अपार आईडी बनाने में बम्हनीडीह विखं जिले मे प्रथम स्थान बरकरार रखा है। ब्लाक में अपार आईडी बनाने का कार्य करीब 83 फीसदी पूरा कर लिया गया है। ब्लाक के सभी विघालय में जाति सत्यापन और अपार आईडी बनाने को लेकर कलेक्टर आकाश कुमार छिकारा सशक्त दिखाई दे रहे थे और लगातार अपने मातहत अधिकारियों के अलावा डीईओ अश्वनी कुमार भारद्वाज सभी विकासखण्ड के बीईओ अपने अपने विकासखण्ड में जाति सत्यापन और अपार आईडी बनाने के लिए लगातार संकुल प्रभारी शैक्षिक समन्वयक और प्रधान पाठक शिक्षक को निर्देश जारी किया गया था और सभी समीक्षा बैठक में जाति सत्यापन और अपार आईडी बनाने के बारे में चर्चा होती रही। परन्तु बम्हनीडीह बीईओ एमडीदीवान ने लगातार कडी मेहनत और लगन के साथ इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार सप्ताह में तीन चार दिन सभी संकुल केन्द्र में संकुल प्रभारी शैक्षिक समन्वयक और प्रधान पाठक के अलावा शिक्षक की मीटिंग पर चर्चा करते दिखाई दिए और लगातार इनके समीक्षा भी बैठक में लिया गया। इसके बावजूद भी बीईओ एमडी दीवान ने सभी संकुल केन्द्र प्रभारी शैक्षिक समन्वयक और प्राचार्य प्रधान पाठक शिक्षक को टारगेट पूरी करने के लिए मानिटरिंग करने के लिए स्पेशल सहाविकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत व खण्ड समन्वयक एच आर बेहार को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अपने कार्य को लगातार स्कूल में जाकर अपार आईडी बनाने की रिपोर्ट तैयार करके बीईओ एम डी दीवान को हर दो घण्टे में अपनी रिपोर्ट पेश किया जाता था। बीईओ एम डी दीवान ने शनिवार को संकुल केन्द्र में पैंतालीस सौ पूरी करने का टारगेट दिया था किन्तु संकुल केन्द्र प्रभारी शैक्षिक समन्वयक प्राचार्य प्रधान पाठक ने शनिवार रविवार को अवकाश होने के बाद भी अपने अपने संकुल केन्द्र में देर शाम तक अपार आईडी बनाने में लगे हुए थे और एक दिवस में पच्चीस सौ अपार आईडी बनाकर नया टारगेट पूरी कर ली। बीईओ को आश्वस्त किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा बम्हनीडीह विखं अव्वल रहेगा।


अपार आईडी बनाने को लेकर निर्देश जारी करते बीईओ।

# गांजा व शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कोसमंदा के पास एक बस में सवार व्यक्ति के कब्जे से गांजा व कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों और शराब के खिलाफ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कन्हैया लाल थवाईत और रानी कौशिक के पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा और कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थों और जुआ के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में थाना चांपा क्षेत्र में रेड कार्रवाई की। मुखबिर से मिली सूचना पर थाना चांपा पुलिस ने सिंघाड़ा तालाब के पास ग्राम कोसमंदा के पास बस को रोका। जांच के दौरान आरोपी कन्हैया लाल थवाईत के पास से 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत करीब 5 हजार रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



## खबर संक्षेप



### पंप हाउस सामुदायिक भवन विस्तार कार्य का पार्षद ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** वार्ड क्रमांक 16 पंप हाउस में नगर निगम चुनाव पूर्व उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा स्वीकृत 15 लाख सामुदायिक भवन विस्तार के लिए दिया गया था जिसका कार्य प्रारंभ हो गया है। पार्षद रामकुमार साहू, पूर्व एल्डर मैन एस मूर्ति सहित पंप हाउस के गणमान्य नागरिकों के द्वारा सामुदायिक भवन विस्तार का निरीक्षण किया गया ताकि जल्द से जल्द सही ढंग से विस्तार कार्य संपन्न हो सके। निरीक्षण दल द्वारा भविष्य में आम जनता की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन विस्तार में नए कार्यों पर विचार किया गया तथा भविष्य में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सामुदायिक भवन विस्तार शेड,पार्किंग व महिलाओं के उत्थान के लिए सिलाई प्रशिक्षण केंद्र आदि का निर्माण करने पर विचार किया गया। निरीक्षण दल में पार्षद रामकुमार साहू, पूर्व एल्डरमेन एस मूर्ति सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा, दीपू चौधरी,गिरवर राठौर, संतोष केवट, ललित चौबे आदि उपस्थित थे।

### रामकुमार बने ग्राम पंचायत सन्डेल के उपसरपंच



**मड़वारानी।** करतला विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत में उपसरपंच के निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई है इसी के तहत ग्राम पंचायत संडेल से रामकुमार यादव ने 7 वोटो से विजय हासिल किया है। ग्राम पंचायत सन्डेल में कुल 17 वार्ड है जिसमें 17 पंच व सरपंच ने अपना वोट डाला है कुल 18 वोटो में 12 वोट रामकुमार यादव व संजय आदिले 5 वोट प्राप्त हुआ एवं एक वोट निरस्त हुआ जिसके तहत सात वोटो से रामकुमार यादव ने उपसरपंच के पद को हासिल कर लिया है 8 मार्च को शाम 5 बजे रामकुमार यादव ने बताया कि वह अपने क्षेत्र में विकास के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं ग्राम पंचायत में अनेक प्रकार की समस्याओं से ग्रामीण जूझ रहे हैं जिसके लिए वे पंच सरपंच व ग्रामीणों की सहमति से अगला कार्य विकास के स्तर पर करेंगे।

### कमलिनी नर्सरी एमजीएम स्कूल में छात्र नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन



**कोरबा।** कमलिनी एमजीएम नर्सरी स्कूल में छात्र नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां छात्रों को नेतृत्व कौशल विकसित करने का मौका दिया गया, यह सम्मेलन छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनकी संचार कौशल को सुधारने में भी मदद करता है। इस सम्मेलन के माध्यम से छात्रों को अपने सीखने का स्वामित्व लेने में मदद मिली, और छात्रों ने अपने शैक्षणिक प्रगतियों ,उपलब्धियों को अपने माता-पिता और शिक्षकों के साथ साझा किया । छात्रों में एक ऐसा दृष्टिकोण विकसित हुआ ,जो उनको सीखने का स्वामित्व लेने और अपने शैक्षणिक प्रगति और उपलब्धियां को माता-पिता के सामने प्रदर्शित करने का मौका देता है। इस सम्मेलन में माता-पिता द्वारा छात्रों से गहन प्रश्न पूछे गए जिनका छात्रों ने उत्तर दिया ।एसएलसी छात्रों के मनोबल को प्रोत्साहित करता है, जब उन्हें नियंत्रण दिया जाता है तो वे अपने सीखने के मार्ग में सक्रियता से भाग लेते हैं जिससे प्रेरणा, प्रोत्साहन और अपनेपन की भावना को बढ़ावा मिलता है। इस सम्मेलन में सभी कक्षाओं के छात्रों द्वारा भाग लिया गया जो सौहार्दपूर्ण संपन्न हुआ।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में इंटर्नशिप का आयोजन

**कोरबा।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। प्राचार्य, शासकीय पॉली. और नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने बताया कि जिले के युवाओं के लिए योजना अंतर्गत पंजीयन, आवेदन के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक में 10 से 12 मार्च को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर लगाया जा रहा है। इस दौरान अभ्यर्थी इस शिविर में उपस्थित होकर निशुल्क पंजीयन, आवेदन कर सकते है। योजना में 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो, किसी नियमित जॉब, नियोजन में न हो, आवेदक के परिवार में कोई सदस्य शासकीय नौकरी में न हो, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो व आवेदक की उम्र 21 से 24 वर्ष तक हो वे इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीएम इंटर्नशिप योजना भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा चयनित कंपनियों जिसकी सूची पोर्टल में दी गई है।

## कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज में किया जाना है कूप कटाई

# कूप कटाई, ग्रामीण डाल रहे बाधा, पुलिस से शिकायत, गिर सकती है गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में हर साल की तरह इस साल भी कूप की कटाई वन विभाग द्वारा कराई जा रही है लेकिन पसरखेत रेंज में कुछ ग्रामीणों को कूप कटाई करना रास नहीं आ रहा है

**खास बात**

- काम पिछड़ने से अधिकारियों का बढ़ रहा टेंशन, कई बार दे चुके हैं समझाइश

और अब तक कूप कटाई के लिए एक भी कुल्हाड़ी नहीं चली है। जिसके चलते लगातार कूप कटाई का काम पिछड़ता ही जा रहा है। वन विभाग द्वारा कई बार ग्रामीणों को समझाइश दी जा चुकी है लेकिन न जाने क्यों कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। अब वन विभाग में इसकी शिकायत पुलिस के अफसर से की है। आने वाले दिनों में यदि ग्रामीण फिर से हंगामा करने की कोशिश करते हैं तो वन विभाग व पुलिस दोनों एक्शन में उतर सकती है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के अंतर्गत आने वाले कोल्गा कक्ष क्रमांक 1 पी-1128 रकबा 180 हेक्टेयर एवं कोल्गा कक्ष क्रमांक 1 पी-1132 रकबा 194.469 हेक्टेयर क्षेत्र में कूप की कटाई की जानी है इसके लिए वन वन विभाग द्वारा मजदूरों की टीम भेजी गई थी जहां कूप कटाई की जानी थी लेकिन कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया और मजदूर वापस आ गए थे। पिछले लंबे समय से यहां के आधा दर्जन ग्रामीण कूप कटाई का विरोध करते आ रहे हैं। विरोध को देखते हुए वन विभाग के अधिकारी वहां जाकर वन विभाग की योजनाओं के बारे में बताकर कूप कटाई क्यों कराया जाना उचित है इन सारी बातों को लेकर उन्हें अवगत कराया गया है लेकिन कुछ सामाजिक तत्व जानबूझकर वन विभाग के इस काम में रोड़ा उत्पन्न कर रहे हैं जिससे लगातार काम पिछड़ता ही जा रहा है। यदि आने वाले दिनों में जल्द ही कूप कटाई नहीं होती है तो विभाग को करोड़ों का राजस्व क्षति होगा तो वहीं दूसरी ओर बारिश में ढुलाई कर पाना भी संभव नहीं है। इसे लेकर वन विभाग भी अब एक्शन में नजर आ रही है। बताया जाता है कि वन विभाग ने कुछ स्थानीय ग्रामीणों का नामजद शिकायत पुलिस के अफसर से की है कि उनके द्वारा वन विभाग के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है और कूप कटाई के कार्य में बार-बार बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। बताया जाता है कि यदि आने वाले दिनों में कूप कटाई में फिर से कुछ लोग इसका विरोध करते हैं तो पुलिसिया एक्शन भी हो सकती है। सूत्र बताते हैं कि कूप कटाई के लिए वन विभाग व पुलिस एक्शन प्लान तैयार कर रही है कि आखिर कूप कटाई कैसे कराया जाए। पुलिस के पहरे में यह कूप कटाई भी कराया जा सकता है और यदि जो इस शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करेगा तो उसे जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है।



फाइल फोटो

### 20 प्रतिशत लाभांश की राशि से होता है विकास

बताया जाता है कि कोलगा के जिस क्षेत्र में कूप कटाई कराई जानी है वह तराई मंडी समिति में आता है जबकि तराई मंडी समिति के लोगों को कूप कटाई को लेकर कोई आपत्ति नहीं है वन विभाग के सूत्र बताते हैं कि कुछ स्थानीय चार पांच युवकों को ही इस कूप कटाई से परहेज है क्योंकि इससे उनका कुछ निजी स्वार्थ बताया जा रहा है। जिसके चलते हुए लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। पूर्व में इस इलाके में भूकंपीय सर्वे का कार्य भी कंपनी द्वारा की जा रही थी इन्हीं युवकों द्वारा ही कई बार विरोध किया गया था जिसके बाद पुलिस को कई बार मोर्चा संभालना पड़ा था। वन विभाग के अधिकारियों की माने तो कूप कटाई का कार्य हर साल जंगल में किया जाता है और जिस इलाके में किया जाता है उस इलाके की वन प्रबंधन समिति को कुल लाभांश की 20 प्रतिशत राशि स्थानीय समिति को दी जाती है जिससे अन्य विकास कार्य भी किए जाते हैं।

### स्वीकृत कूप है क्षेत्र

केंद्र सरकार व राज्य सरकार एवं वन विभाग से नियमानुसार सभी प्रकार से सही रूप से स्वीकृति कूप कटाई का कार्य किया जाना है जिससे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा स्थानीय भोले भाले ग्रामीणों को बहकाकर ग्रामीणों को विकास से दूर किया जा रहा है। कूप कटाई से प्राप्त लाभांश राशि से ग्रामीणों के इच्छानुसार एवं रोजगारमूलक अन्य कार्य किए जाते हैं जिससे ग्रामीणों को वंचित किया जा रहा है।

**-एसके सोनी**
एसडीओ, वनमंडल कोरबा

### विधायक भी दे चुके हैं समझाइश



बताया जाता है की कोल्गा के कुछ स्थानीय ग्रामीण जो अपने स्वार्थ के लिए वन विभाग के कूप कटाई का विरोध कर रहे हैं इसे लेकर स्थानीय रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया को जब सूचना मिली तो वे स्वयं अपनी टीम के साथ वन विभाग पुलिस सहित अधिकारियों की टीम भी पिछले दिनों ग्राम कोल्गा पहुंची थी और विधायक फूल सिंह राठिया ने ग्रामीणों को सारी जानकारियां दी थी और कूप कटाई से ग्रामीणों को क्या-क्या फायदा होगा यह भी बताया था। साथ ही उन्हें समझाइश देकर कूप कटाई का काम शुरू करने के लिए भी अपील की थी लेकिन विधायक की अपील भी अब काम नहीं आ रही है अब तक कूप में एक कुल्हाड़ी भी नहीं चल पाया है जिससे वन विभाग की परेशानी बढ़ते ही जा रही है। यदि तय समय के भीतर कूप कटाई नहीं हुआ तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में विभाग को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा और करोड़ों के राजस्व क्षति भी होगी।

## कैरम टीम का प्रतिनिधित्व कर जीता कैरम का खिताब



पुरस्कार प्राप्त करते टीम के कप्तान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छ.ग.स्टे.पॉ.जन.कं.लिमि. अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सौजन्य से कैरम प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 मार्च तक किया गया। जिसमें विद्युत कंपनी की कुल 10 टीमों ने अपना भाग्य आजमाया। कोरबा पूर्व के विनोद राठौर कनिष्ठ पर्यवेक्षक ने फाईनल मुकाबले में बिलासपुर रीजन के सुजीत मोदी को करारी शिकस्त देते हुए पुरूष एकल कैरम का खिताब अपने नाम किया। विनोद ने कैरम की शुरूआत 1998 में की लगातार 27 वर्षो की मेहनत कड़ा अभ्यास के द्वारा ही विनोद आज इस मुकाम तक पहुंचे है वर्ष 2024-25 में 9 पुरूष एकल कैरम का खिताब उन्होंने यथावत रखा हुआ है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भी कोरबा पूर्व के साथ विद्युत कंपनी के साथ विद्युत कंपनी का नाम रोशन किया है। आल इंण्डिया इलेक्ट्रिसीटी के सभी राज्यो की टीमों में विनोद ने 5वॉ स्थान प्राप्त किया। 2025-26 में होनें वाले ऑल इंण्डिया कैरम टीम के लिए कोरबा पूर्व से दो खिलाड़ी विनोद राठौर एवं कविता ठक्कर का चयन किया गया। कोरबा पूर्व संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल, क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव पी.आर.वार्ते एवं कोरबा पूर्व कैरम टीम के मैनेजर एस.के.डेविड ने विनोद राठौर को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खड़े ट्रेलर से टकराया बाइक सवार, मौत

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरसिया निवासी योगेश कंवर उम्र 35 वर्ष पिता लीलाधर सिंह कंवर ने थाने में सूचना दी कि जवाली कटघोरा मेन रोड जवाली पुलिया के आगे रोहिदास मोहल्ला के पास मेन रोड में ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 12 बी जी 8752 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक अपने ट्रेलर को रोड के उपर खड़ा किया था। जिसमें किसी प्रकार का सुरक्षा लाईट या सुरक्षा का सांकेतिक निशान नही लगाया था। इसी दौरान ग्राम गुरसियां निवासी भूपेन्द्र सिंह कंवर उम्र 31 वर्ष पिता लीलाधर सिंह कंवर अपनी मोटरसायकल क्रमांक सीजी 12 ए वाय 5766 में बैठकर थाना दीपका को रात्रि गस्त ड्यूटी करने जा रहा था। तभी वह उक्त ट्रेलर वाहन से टकरा गया और मौके पर ही भूपेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध धारा 285,106(1) बीएनएस के अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरु कर दी है।

### गाली गालौच करते हुए मारपीट, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरांवपारा पोलमी निवासी कीर्ति एक्का उम्र 36 वर्ष पिता चमर सिंह एक्का ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खेती किसानी का काम करता है। 7 मार्च की रात लगभग 9:30 बजे राज कुमार यादव को ढूढंने ग्राम दमिया गया था कि वापस आते समय नेशनल हाईवे 130 दामिया मोड के पास कौशल नेटी अपने दोस्तो के साथ खड़ा था। उसी समय कौशल नेटी एवं उसके साथी के द्वारा कीर्ति एक्का से गाली गालौच करते मारपीट की गई। साथ ही कीर्ति एक्का के साथ बैठे राजकुमार यादव एवं नरेन्द्र सिंह जगत को भी कौशल नेटी एवं रामप्रसाद यादव द्वारा मारपीट किया गया। जिससे कीर्ति एक्का व राजकुमार के कमर में चोंट लगा है। प्रार्थी कीर्ति एक्का की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कौशल नेटी एवं उसके साथियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




विजेता टीम के खिलाड़ी।

अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता डब्ल्यूआर-2 फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मानसरोवर स्टेडियम एनटीपीसी कोरबा में किया गया। 8 से 12 मार्च तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कोरबा, सीपत, लारा और खरगोन की चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, जो खेल कौशल, टीम भावना और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन करेंगी। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व राजीव खन्ना कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी ने किया। जिनके साथ महाप्रबंधक (ओएंडएम) बिभास घटक और महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं ऐश डाइक मैनेजमेंट मनीष वसंत साठे उपस्थित रहे। इसके अलावा मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती रोली खन्ना मौजूद थीं। इस अवसर पर राजीव खन्ना ने कहा कि यह अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता-2025 डब्ल्यूआर-2 फुटबॉल टूर्नामेंट में आप सभी का स्वागत करते हुए गर्व का क्षण है। एनटीपीसी कोरबा परिवार की ओर से, मैं हमारे सभी सम्मानित अतिथियों, अधिकारियों और विशेष रूप से, अपने कौशल, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

**खास बात**

- एनटीपीसी कोरबा में 12 मार्च तक चलने वाले टूर्नामेंट में चार टीम ले रही हैं हिस्सा

## समय पर नहीं खुलती पीडीएस दुकान, जनदर्शन में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियां को प्रेषित कर जांच कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें ग्राम खोडरी तहसील कटघोरा के ग्रामीण तुलसीदास ने खाता विभाजन के पश्चात ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं होने की शिकायत की।

कलेक्टर अजीत वसंत ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जनदर्शन में ग्राम बनकोन्हा में आंगनबाड़ी, स्टाप डेम निर्माण ग्राम तरदा के आशा राम पटेल ने मुआवजा, ट्रांस्पोर्ट नगर के किशोर कुमार अग्रवाल ने पटवारी हल्का नंबर 26 अंतर्गत अपने स्वामित्व के भूमि को अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत की। जनदर्शन में वार्ड नंबर 15 परिवहन नगर के निवासियों ने वार्ड में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन समय पर नहीं होने की शिकायत की। ग्राम पंचायत सेमीपाली में सफाई का कार्य करने वाली कर्मचारियों ने पूर्व सरपंच द्वारा राशि प्रदान नहीं करने, ग्राम जवाली कोलिहीमुड़ा निवासी राज कुमार यादव ने पानी की समस्या, वार्ड क्रमांक 66 डगनिया खार के सत्य पाल सिंह ने अवैध रेत उत्खन्न, राताखार निवासियों ने वार्ड में शासकीय भूमि में कब्जा होने की शिकायत की।



शिकायत सुनते कलेक्टर।

## अलग-अलग घटना को अंजाम देने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंड़ी उपरोड़ा निवासी सरपंच सहेत्तर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 मार्च की रात ग्राम पंचायत पोंड़ी उपरोड़ा में उपद्रवी तत्वों के द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पास परसराम लहरे की कार स्वीफ्ट सीजी 10 ईएफ 0143 के पीछे शीशा को तोड़ दिया और दीपक कुमार विश्वकर्मा पंचायत भवन पास (बस्ती) बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 07 एप 0473 के सामने के शीशा को तोड़ दिया गया है। एच.डी.एफ.सी. बैंक फाउंडेशन के तहत निर्मित पानी पम्प हाउस का ताला तोड़कर पाइप में आगजनी की गई है। वहीं पर निर्मित शिवलिंग को तोड़ फोड़ कर नदी में फेंका गया है। इस तरह उपद्रवियों द्वारा अनेकों घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इन सभी उपद्रवी घटनाओ के संबंध में सरपंच सहेत्तर द्वारा पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है जिस पर पुलिस ने उपद्रवियों के विरुद्ध धारा 298, 324(4), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## युवक से सोने की चेन की लूट, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** पावर सिटी जमनीपाली निवासी पंकज प्रजापति उम्र 39 वर्ष पिता पी आर कुम्भकार ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जश्न रिसार्ट में रात लगभग 8:30 बजे पहुंचा हुआ था। प्रोग्राम अटेन्ड करने के बाद पंकज रात लगभग 10:30 बजे अपने घर जाने के लिए प्रोग्राम से बाहर निकला और पार्किंग में पहुचा ही था कि कुछ लोग अचानक से पीछे से आकर उसके साथ लाठी डंडा से मारपीट करने लगे और उसके गले से सोने की चैन खींच कर फरार हो गए। पंकज की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर ली है।

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / /तह. /ज.मृ./202
नवागढ़, दिनांक 18/2/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ऋषिराम कश्यप पिता झाडू जाति कुर्मी साकिन रिंगनी तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)द्वारा प.ह.नं.19 ग्राम रिंगनी में अपने /अपनी (रिश्ता लिखे) पिता नाम झाडू के मृत्यु दिनांक 13/10/1997 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 17/03/25 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/2/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**शिवरीनारायण**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



# पौराणिक हॉरर 'मां' का पहला पोस्टर रिलीज...

**मुंबई।** सोमवार को काजोल की आगामी पौराणिक हॉरर फिल्म 'मां' का पहला पोस्टर रिलीज किया गया। साथ ही फिल्म के रिलीज डेट की भी घोषणा की गई। काजोल की आगामी फिल्म 'मां'का पहला पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने इसके रिलीज की घोषणा कर दी है। 'शैतान' के बाद देवगन फिल्म्स एक और पौराणिक हॉरर फिल्म लेकर आ रही है। सामने आए पोस्टर में अभिनेत्री का शक्तिशाली रूप देखने को मिल रहा है। काजोल इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित और साईविन क्वाड्रास द्वारा लिखित, 'मां'अच्छाई और बुराई के बीच लड़ाई पर आधारित है।

लाइफ Style



# दीपिका

## मन की शांति प्राप्त करना है लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अबू धाबी में फोर्ब्स ग्लोबल समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी बेटी दुआ के बार में और अपने प्रोफेशनल बात की और बताया कि उन्होंने आखिरी बार गूगल पर क्या सर्च किया था। दीपिका ने यह भी बताया कि उनका निजी लक्ष्य मन की शांति प्राप्त करना है।

कार्यक्रम में अभिनेत्री ने कहा कि उनका निजी लक्ष्य मन की शांति प्राप्त करना है, उन्होंने कहा, 'मानसिक बीमारी से पीड़ित होने के नाते, मेरे लिए लक्ष्य हमेशा मन की शांति प्राप्त करना है, क्योंकि इससे अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है और कहना जितना आसान है करना उतना आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए काम करना पड़ता है।' अपने प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि वह अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर काम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'प्रोफेशनल साइड पर मैं देखती हूं कि मैं अपने प्रभाव का उपयोग अलग-अलग प्लेटफार्मों पर कैसे कर सकती हूं, जिसमें मैं जो फिल्में चुनती हूं वो भी शामिल हैं। ताकि सकारात्मक प्रभाव पैदा हो सके।' अभिनेत्री से जब यह पूछा गया कि वह कैसे याद की जानी चाहती हैं तो उन्होंने अपनी मानसिकता पर विचार करते हुए कहा, 'मेरे पिता ने मुझे बताया कि आप जो भी करते हैं लोग आपको उस इंसान के रूप में याद करते हैं, जो आप थे। इसलिए मेरे लिए मैं जो भी करूं, मैं चाहती हूं कि मुझे उस इंसान के रूप में याद किया जाए जो मैं थी।' दीपिका पादुकोण के दिल और दिमाग में हमेशा उनकी बेटी दुआ का ख्याल रहता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डब्ल्यूडब्ल्यूई' अब ओटीटी पर

**लॉस एंजिल्स।** 'डब्ल्यूडब्ल्यूई'के भारत सहित दुनिया में करोड़ों दीवाने हैं। अब भारतीय फैंस यह शो ओटीटी पर भी देख सकेंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई'के सभी साप्ताहिक फ्लैगशिप शो के साथ इसके प्रीमियम लाइव इवेंट का भी आनंद उठा सकेंगे। रा, 'एनएक्सटी और स्मैकडाउन के साथ-साथ 'डब्ल्यूडब्ल्यूई के प्रीमियम लाइव इवेंट जैसे समरस्लैम, मनी इन द बैंक, रॉयल रंबल और आगामी रेसलमेनिया को फैंस स्ट्रीम कर पाएंगे। यह शो 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया जाएगा।




# 14 को रिलीज होगी 'इन द लॉस्ट लैंड्स'

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इन हालीवुड फिल्मों को जरूर ट्राई करना चाहिए। गेम ऑफ थ्रोन्स के लेखक जॉर्ज आर. आर. मार्टिन की कहानी पर आधारित फिल्म इन द लॉस्ट लैंड्स है, जो एक महाकाव्य फैंटेसी एडवेंचर होगी। इन द लॉस्ट लैंड्स का निर्देशन पॉल डब्ल्यूएस एंडरसन ने किया है, जिसकी कहानी कॉन्स्टेंटिन वर्नर ने लिखी है। यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, माई मेलबर्न एक एंथोलॉजी फिल्म है, जो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित हैं। यह फिल्म भी 14 मार्च को रिलीज होगी।



# लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में आयोजित 16वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉड्र्स से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में अभिनेत्री को 10 लाख रुपए की चेक से सम्मानित किया गया। कावेरी रेजीडेंस पर दिए गए इस सम्मान के वक्त दिग्गज गीतकार और स्क्रिप्ट राइटर व शबाना आजमी के पति जावेद अख्तर भी मौजूद रहे। इस मौके पर अभिनेत्री शबाना आजमी के काम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि हमें आपका म्यूजिक वीडियो 'मिले सुर मेरा तुम्हारा'काफी पसंद है। मैंने आपको पहली बार उसमें देखा था। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अभिनेत्री को सम्मानित करते हुए तस्वीरें अपने एक्स अकाउंट पर भी साझा की हैं।



# 'जाट' से रणदीप का खूंखार लुक जारी

**मुंबई।** सनी देओल की आने वाली फिल्म 'जाट'के मेकर्स ने फिल्म से जुड़ा एक नया वीडियो जारी किया है, जिसमें एक नए किरदार और नए एक्टर का खुलासा किया है। इस नए वीडियो टीजर के जरिए मेकर्स ने फिल्म से रणदीप हुड्डा के लुक और किरदार का भी खुलासा किया है। फिल्म में रणदीप हुड्डा 'रणतुंगा'के किरदार में नजर आएंगे। इस धांसू वीडियो के जारी होते ही फैंस के बीच जाट फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। इस वीडियो में रणदीप काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। रणदीप के धांसू लुक ये बता रहा है कि रणदीप इस फिल्म में एक विलेन की भूमिका में होंगे, जिसका मुकाबला सनी देओल से होगा। इस वीडियो को रणदीप हुड्डा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है।

## टीवी मसाला



# केबीसी में अमिताभ को रिप्लेस करने के लिए शाहरुख टॉप चॉइस

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के होस्ट के रूप में बड़ी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2000 से इस पॉपुलर क्विज शो को होस्ट करने की शुरुआत की थी, जब वह 52 साल के थे। इन दिनों 'केबीसी'का 16वां सीजन चल रहा है। 82 साल के हो चुके अमिताभ बच्चन अपने काम के बोझ को कम करना चाहते हैं। खबरें हैं कि उन्होंने चैनल से शो के लिए नया होस्ट ढूंढने के लिए कहा है। ऐसे में अगर अमिताभ बच्चन शो को छोड़ना चाहते हैं, तो कौन उनका बेहतर ऑप्शन हो सकता है। जानिए हाल ही में हुई एक रिसर्च में क्या खुलासा हुआ। एक रिसर्च सर्वे में शाहरुख खान 'कौन बनेगा करोड़पति शो'में अमिताभ बच्चन की जगह लेने के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प बनकर उभरे हैं। यह सर्वे हिंदी भाषी क्षेत्रों में 768 लोगों (408 पुरुष, 360 महिलाएं) के बीच किया गया। इसके अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, महेंद्र सिंह धोनी भी लोगों की पसंद बने हैं। हालांकि, अभी तक यह ऑफिशियली कंफर्म नहीं किया गया है कि केबीसी का अगला होस्ट कौन होगा। शाहरुख खान स्टार टीवी पर केबीसी के सीजन 3 को होस्ट कर चुके हैं, लेकिन ऑडियंस से उन्हें अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था। शुरुआत में शो की रेटिंग्स अच्छी थीं, लेकिन होस्ट बदलने के बाद गिर गई थी। हालांकि, अब किंग खान लोगों के पसंदीदा एक्टर बन गए हैं और वह 63 फीसदी वोटों के साथ अमिताभ बच्चन को रिप्लेस करने के लिए शीर्ष दावेदार के रूप में उभरे हैं।

## अब किसने दिया अनुपमा से विश्वासघात? चोरी हुई परिवार की सबसे कीमती चीज

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल की कहानी आगे और भी ज्यादा पेचीदा होने वाली है। सीरियल का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि दुनिया भर के झगड़े और नाटक-नौटंकी के बाद फाइनली प्रेम और राही की शादी होगी। शादी की रस्में खत्म होंगी और उसके बाद अचानक तोषू आकर अपनी मां से कुछ ऐसा कहेगा कि अनुपमा के पांव तले जमीन खिसक जाएगी। तोषू अपनी मां से पूछेगा कि मम्मी वो सामान कहां गया तो वसुंधरा कोठारी ने संभालकर रखने को कहा था। अनुपमा बताएगी कि उसने सामान कहां रखा था, लेकिन बहुत ढूंढने पर भी तोषू या अनुपमा किसी को भी वो नहीं मिलेगा।



अनुपमा के हाथ-पांव फूलने लगेंगे, लेकिन बहुत तलाश के बाद भी वो सामान नहीं मिलेगा और अनुपमा फाइनली जाकर यह बात वसुंधरा कोठारी को बताने का फैसला करेगी।

# *ऋषि कपूर का 52 साल पुराना वो तगड़ा रिकॉर्ड, जिसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ना तो दूर, आज तक कोई छू भी नहीं पाया*

***नई दिल्ली।*** *ऋषि कपूर भले ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी वह अपने फैंस के दिलों में जिंदा है। उन्होंने 70 के दशक में बतौर हीरो डेब्यू किया था, जिससे पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री में उनके नाम का डंका बज गया था। आज हम आपको ऋषि कपूर के नाम एक बड़े बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं। ऋषि कपूर ने साल 1973 में फिल्म 'बॉबी' से बतौर लीड एक्टर डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ डिंपल कपाड़िया की जोड़ी नजर आई थी। हालांकि, इससे पहले ऋषि कपूर चाइल्ड एक्टर के तौर पर अपने पिता राज कपूर की 'मेरा नाम जोकर' में काम कर चुके थे, लेकिन पहला लीड रोल उन्हें 'बॉबी' में मिला।*

***सुपरस्टार बन गए ऋषि कपूर :*** *इस फिल्म को ऋषि कपूर के पिता राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। थिएटर्स में रिलीज के बाद फिल्म बड़ी कामयाब साबित हुई और ऋषि कपूर सुपरस्टार बन गए। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और एक के बाद एक सुपरहिट फिल्मों की झड़ी लगा दी थी। 'बॉबी' फिल्म के साथ ऋषि कपूर ने एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज तक कोई भी स्टारकिड नहीं तोड़ पाया है। 'बॉबी' पहली स्टारकिड फिल्म थी, जिसके नाम बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड है। उस जमाने में सिर्फ 1.25 करोड़ रुपए की लागत में बनी 'बॉबी' ने 400 फीसदी का भारी मुनाफा कमाया।*



***400 फीसदी मुनाफा कमाने वाली फिल्म :*** *ऋषि कपूर की फिल्म 'बॉबी' ने दुनियाभर में 29 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था, जिससे राज कपूर ने अपने सभी कर्ज चुकाए और आरके स्टूडियोज को नई जिंदगी मिली। एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1973 से लेकर अब तक बॉक्स ऑफिस पर 400 फीसदी मुनाफा कमाने वाली फिल्म देने वाले ऋषि कपूर इकलौते स्टारकिड साबित हुए।*

***संजय दत्त- रॉकी :*** *उनके बाद सनी देओल, संजय दत्त, ऋतिक रोशन समेत कई स्टारकिड ने बॉलीवुड में एंट्री मारी, लेकिन कोई भी अपनी पहली फिल्म से 400 फीसदी मुनाफा नहीं कमा पाया। संजय दत्त की पहली फिल्म 'रॉकी' 1.75 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन कमाई 3 करोड़ की कमाई हुई और 71.4 फीसदी का मुनाफा हुआ।*

***सनी देओल- बेताब :*** *धर्मेंद्र के बेटे सनी देओल की पहली फिल्म 'बेताब' 1.8 करोड़ की लागत में बनी थी. बॉक्स ऑफिस पर 7 करोड़ रुपए की कमाई के साथ 294.4 फीसदी मुनाफा हुआ. ऋषि कपूर के करीब पहुंचने वाले एकमात्र स्टार किड ऋतिक रोशन थे, लेकिन वह उनके रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाए थे।*

## शूटिंग के लिए ओडिशा पहुंचीं...



***मुंबई।*** *बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। उनकी मां मधु चोपड़ा ने हाल ही में पुष्टि की थी कि प्रियंका मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' का हिस्सा हैं। इस खबर ने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। इस बीच हाल ही में प्रियंका को ओडिशा हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां वह फिल्म की शूटिंग के लिए पहुंची हैं। यह फिल्म उनके लिए खास है, क्योंकि इसमें उनके साथ सुपरस्टार महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। 'बाहुबली' फेम राजामौली की यह फिल्म अपने शानदार स्टारकास्ट और भारी-भरकम बजट की वजह से पहले ही चर्चा में है। फिल्म का दूसरा शेड्यूल अभी ओडिशा में चल रहा है, जहां पूरी टीम शूटिंग में जोर-शोर से जुटी हुई है। थोड़े समय का ब्रेक लेने के बाद प्रियंका अब इस टीम के साथ फिर से जुड़ गई हैं और शूटिंग शुरू कर दी है। उनकी मौजूदगी ने इस बड़े प्रोजेक्ट को और रोमांचक बना दिया है। इंस्टाग्राम पर वायरल हुई तस्वीर में प्रियंका ओडिशा हवाई अड्डे पर एयरलाइन क्रू के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस दौरान वह ग्रे डेनिम जींस, ब्लैक टैंक टॉप और लेदर जैकेट में स्टाइलिश लग रही हैं।*

# आईफा में रही 'लापता लेडीज' की धूम, बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड नितांशी के नाम

**जयपुर।** आईफा अवॉड्र्स रविवार 9 मार्च को पिंक सिटी जयपुर में संपन्न हुए। ग्रीन कार्पेट पर फिल्मी सितारों ने जलवा बिखेरा। तमाम सितारों ने स्टेज पर परफॉर्म भी किया। इसके बाद अवॉर्ड बांटे गए। इस बार आईफा अवॉड्र्स में फिल्म 'लापता लेडीज' छाई रही।

***रवि किशन को स्पोर्टिंग रोल के लिए मिला अवॉर्ड :*** अभिनेता रवि किशन को फिल्म 'लापता लेडीज' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल) के लिए अवॉर्ड मिला। इस फिल्म में रवि किशन ने पुलिस अधिकारी श्याम मनोहर की भूमिका निभाई।

***जुबिन नौटियाल और श्रेया घोषाल ने झटके अवॉर्ड :*** इस बार आईफा में 'आर्टिकल 370' के 'दुआ' सॉन्ग के लिए जुबिन नौटियाल को प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा श्रेया घोषाल को 'मेरे ढोलना' के लिए अवॉर्ड मिला है।

***लक्ष्य, प्रतिभा और कुणाल को भी अवॉर्ड :*** फिल्म 'किल' के लिए लक्ष्य ललवानी को बेस्ट डेब्यू एक्टर (मेल) का अवॉर्ड मिला है। वहीं, प्रतिभा रांटा को बेस्ट डेब्यू अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा कुणाल खेमू को फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के लिए बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला।

***राकेश रोशन को किया गया सम्मानित :*** आईफा के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन मेंराकेश रोशन की सिनेमा को दी गई विरासत का सम्मान किया गया। उन्हें भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राकेश रोशन को रेखा ने अवॉर्ड दिया।

***राघव जुयाल- जानकी बोदीवाला :*** राघव जुयाल को 'किल' के लिए नेगेटिव रोल के लिए अवॉर्ड मिला। जानकी बोदीवाला को 'शैतान' में सपोर्टिंग रोल (फीमेल) का अवॉर्ड मिला।

***बेस्ट स्टोरी (एडाप्टेड) का अवॉर्ड 'मेरी क्रिसमस'को मिला :*** बेस्ट स्टोरी (एडाप्टेड) का अवॉर्ड 'मेरी क्रिसमस' की टीम को दिया गया, जिसमें श्रीराम राघवन, अरिजीत बिस्वास, पूजा सुरती और अनुकृति पांडे शामिल थे।

***बेस्ट ओरिजिनल स्टोरी :*** बेस्ट ओरिजिनल स्टोरी का पुरस्कार 'लापता लेडीज' के बिप्लब गोस्वामी को मिला।

### टेक्निकल अवॉड्र्स

***बेस्ट साउंड डिजाइन का पुरस्कार :*** सुभाष साहू को 'किल' के लिए

***बेस्ट साउंड मिक्सिंग का पुरस्कार :*** सुभाष साहू को 'किल' के लिए

***बेस्ट स्क्रीनप्ले राइटर का पुरस्कार :*** स्नेहा देसाई को 'लापता लेडीज' के लिए

***बेस्ट सिनेमेटोग्राफी का पुरस्कार :*** रफी मोहम्मद को 'किल' के लिए

***बेस्ट कोरियोग्राफर का पुरस्कार :*** बोस्को और सीजर को।



## कार्तिक आर्यन को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस का अवॉर्ड

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन को 'भूल भुलैया 3' के लिए मुख्य भूमिका में बेस्ट परफॉर्मेंस (मेल) का पुरस्कार जीता। अवॉर्ड जीतने के बाद अभिनेता ने कहा कि जब उन्होंने सुपरस्टार अक्षय कुमार से यह फ्रैंचाइजी उन्हें मिली थी तो लोगों ने उन पर संदेह किया था। अभिनेता ने कहा, भूल भुलैया कठिनाइयों से भरा सफर रहा है। शुरुआत से ही, जब मुझे 'भूल भुलैया 2' के लिए चुना गया तो कई सवाल उठाए गए थे कि क्या मैं फिल्म को आगे बढ़ा पाऊंगा? मैं दर्शकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस यात्रा के दौरान हमारा साथ दिया।

## इन्हें मिला अवार्ड

'लापता लेडीज' के लिए किरण राव को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला और इसी फिल्म के लिए संपत राय को बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला। नितांशी गोयल ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। जिसके बाद वह भावुक हो गईं। वहीं, प्रशांत पांडे को इसी फिल्म के लिए 'सजनी' गाने के लिए बेस्ट लिरिक्स के लिए अवॉर्ड मिला। जबीन मर्चेंट को लापता लेडीज के लिए बेस्ट एडिटिंग का अवॉर्ड मिला। लापता लेडीज के लिए ही बेस्ट स्क्रीनप्ले के लिए स्नेहा देसाई को अवॉर्ड मिला। किरण राव ने ट्रॉफी जीतने के बाद कहा, 'लापता लेडीज' जैसी फिल्म के लिए पुरस्कार जीतना सौभाग्य की बात है। यह एक शानदार रात थी। इस तरह की फिल्म बनाना भी सौभाग्य है। लोगों के प्यार की तुलना में कुछ भी नहीं है जो कहते हैं कि हमने आपकी फिल्म सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि कई बार देखी है। यही वह चीज है जिसके लिए एक फिल्म निर्माता जीता है।

11 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/11/2025 10:02 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जैन समाज अकलतरा के राजेश अध्यक्ष एवं श्रीजीत बने उपाध्यक्ष

**अकलतरा।** जैन समाज अकलतरा के नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नवीन कार्यकारिणी में जैन समाज के सदस्यों के द्वारा राजेश जैन को अध्यक्ष ,श्रीजीत जैन एवं विमल जैन को उपाध्यक्ष ,रूपेश जैन को सचिव, सुबोध जैन को कोषाध्यक्ष एवं अवनीश जैन को सहसचिव मनोनीत किया गया। जैन समाज के नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा सामाजिक संगठन को एकजुट कर समाज के उत्तरोत्तर विकास की दिशा में कार्य करने का संकल्प लेते हुए जैन समाज के लिए नए सोपान तय करने के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई है।




### चांपा सेवा संस्थान का होली मिलन समारोह आज

**चांपा।** चांपा सेवा संस्थान के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन बुधवार 12 मार्च को दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक कोरबा रोड स्थित मित्तल निवास में किया गया है। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय उपस्थित रहेंगी। इस वर्ष भी कार्यक्रम में फूलों की होली, सूखी होली, गीत-संगीत, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए चांपा सेवा संस्थान हर साल यह आयोजन करता है, जहां सभी लोग एकत्र होकर पुराने गिले-शिकवे भुलाकर प्रेमपूर्वक होली मनाते हैं। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यवसायी, और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए विशिष्ट अतिथि भी शिरकत करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष ने बताया कि इस बार कार्यक्रम को खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। इस बार फूलों की होली, जिसमें रंगों की बजाय फूलों की पंखुड़ियों से होली खेली जाएगी। इसके साथ ही, संस्कृतिक कार्यक्रम और लोकगीतों की प्रस्तुतियां भी होंगी, जो इस आयोजन को और खास बनाएंगी। वहीं, मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय का विशेष सम्मान किया जाएगा।

### कोतरी नाला पर पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख की स्वीकृति

**सक्ती।** शहर से तीन कि.मी. दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सकरेली कला स्थित है। ग्राम पंचायत जोंगरा और सकरेली कलॉ के मध्य एक नाला है जिस पर कई वर्ष पूर्व बना पुल अनुपयोगी हो गया है। इससे आसपास के सभी 50 गॉवों का आवागमन होता है। इस पुल से दूर पहाड़ी तक जाया जाता हैं। बाई तट नहर तक इसी पूल के रास्ते से जाना होता हैं सकरेली सें धान-खरीदी केन्द्र, हाईस्कूल एवं राष्ट्रीय राजमार्ग 49 समीप ही है। इसी पुल के उत्तर दिशा की ओर अनेक ग्राम पंचायतें जनसंकुल क्षेत्र, हाईस्कूल पड़ते है। ग्रामीणों के लिये यह मुख्य मार्ग है पहाड़ से गिट्टी, पत्थर, रेत इत्यादि की ढुलाई इसी पुल के माध्यम से होती है। तेज वर्षा के कारण आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। मदन लाल शर्मा ने ग्रामीणों के आग्रह पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को पत्र लिखकर स्वीकृति के लिये पहल किया है। ग्राम के नाला (कोतरी) में जो पुल बना है वह बहुत कम उॅचाई का है और बारिस के वक्त इसके पुल उपर 10 फीट तक पानी बहुत तेज बहाव को चलता है। इसके चलते आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। वहीं उनकी मांग पर 2 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। पुल निर्माण स्वीकृति में क्राईम मुक्त मिडिया एसोसिएशन के प्रमुख मदन शर्मा और सक्ती जिसे के मिडिया प्रमुख निलाम्बर साहू का प्रशासनिक स्वीकृति कराने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## निधन

### धान बाई खुंटे

**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, वार्ड क्रमांक 03 के पार्षद इंदू मनहर की माता श्रीमती धान बाई खुंटे का आकस्मिक निधन मंगलवार 11 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे पूर्व पार्षद विमल मनहर की सासु मां है। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र अमित खुंटे ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

# ग्रामीणों और किसानों को खेतों के बचे पैरा को न जलाने करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार 11 मार्च को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों और किसानों को अपने खेतों के बचे पैरा को आग न जलाने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए । साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायतों को सहकारी समिति से आच्छादित करने के कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली तथा कार्ययोजना अनुसार तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा छोटे कटेकोनी में आरआईडीएफ योजना अंतर्गत कार्यालय सह गोदाम निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जनपदवार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, मनरेगा के कार्य, जीओ टैगिंग, डोर टू डोर कचरा संग्रहण आदि के बारे में जानकारी ली तथा सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण और सुव्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी ली गई और शेष बचे आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन, चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्यात्मक जानकारी, स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया करने सहित विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई केवायसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा सहकारिता विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, सहायक जिला कोषालय अधिकारी प्रदीप देवांगन, तहसीलदार विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा श्री मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर आदि उपस्थित थे।


बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।


नेत्र परीक्षण कर दवा डालते चिकित्सक।

## मोतियाबिंद के बाद अंधेपन का दूसरा बड़ा कारण ग्लूकोमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- विश्व ग्लूकोमा दिवस पर नेत्र परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

विश्व ग्लूकोमा दिवस के अवसर पर कुमार भुवन भास्कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगों को ग्लूकोमा के बारे में जागरूक किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में मरीजों का नेत्र परीक्षण कर जानकारी देते हुए चिकित्सकों के द्वारा बताया गया कि मोतियाबिंद के बाद अंधेपन का दूसरा बड़ा कारण ग्लूकोमा है। शुरुआत में इसके लक्षण प्राय नहीं होते धीरे-धीरे नेत्र की रोशनी काफी कम हो जाना अगल-बगल की नजर कम होना, आंख का प्रेशर बढ़ना ,प्रकाश के चारों तरफ इंद्रधनुष जैसी आकृति दिखाना ,सर दर्द आंख में दर्द नजदीक का चश्मा नंबर बार-बार बदलना प्रमुख है, साथ ही साथ मधुमेह ,उक्त रक्तचाप , आंख में चोट लगना ,नेत्र में सूजन आदि से ग्लूकोमा का खतरा अधिक होता है। सजगता, जागरूकता व नियमित नेत्र परीक्षण कराकर इस बीमारी को दवाई व आपरेशन के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। ग्लूकोमा बीमारी को विश्व में अंधत्व के प्रमुख कारण में से एक माना जाता है। समय पर इलाज होने से ग्लूकोमा बीमारी से बचा जा सकता है। ग्लूकोमा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी ,बीपीएम पार्थ प्रताप सिंह, विकासखंड अकलतरा के नेत्र सहायक अधिकारी आरके यादव ,प्रीतेश सिंह चंदेल, बबीता पाटले ,सत्यजीत कुर्रे व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## 9 साल बाद मिला पीला गेंदा और बेल का पेटेंट

**बहेराडीह।** देश में विलुप्त हो रही जंगली पीला गेंदा को सालों से संरक्षित करने और उन्हें विकसित करने वाले बहेराडीह गांव में स्थित भारत के पहला किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव को पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण भारत सरकार दिल्ली की ओर से पेटेंट प्रदान किया गया है। इसके साथ ही फलदार बेल का भी शासन उन्हें मिला है। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि 9 साल पहले वर्ष 2016 में जिले के कृषि विभाग के उप संचालक के प्रमाणित कराने के बाद इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के पादप प्रजनन विभाग प्रमुख वैज्ञानिक डॉ दीपक शर्मा के अनुसंशा से पौधा किस्म और कृषक प्राधिकरण संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार दिल्ली को भारत में विलुप्त हो रही जंगली पीला गेंदा को संरक्षित करने तथा उनका पेंटेंट हेतू आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया गया था। शासन स्तर पर जांच पड़ताल करने के 9 साल बाद पेंटेंट प्रदान किया गया है। इसी तरह फलदार बेल का भी पेटेंट प्रदान किया गया है।



## कैरम स्पर्धा में जगदलपुर एवं शतरंज में दुर्ग क्षेत्र विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- राष्ट्रीय खेल के लिए कैरम में 14 एवं शतरंज में 12 खिलाड़ियों का चयन

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय शतरंज स्पर्धा में पुरूष वर्ग में दुर्ग क्षेत्र की टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया है। जबकि कैरम प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में जगदलपुर की टीम विजयी रही।

अंतरक्षेत्रीय इस खेल स्पर्धा की मेजबानी अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र (एबीवीटीपीएस) मड़वा द्वारा किया गया। यहां पर 5 से 7 मार्च तक तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। आवासीय परिसर के क्रीड़ा भवन में आयोजित इन खेल स्पर्धाओं में विद्युत कंपनी की 8 क्षेत्रीय टीम ने हिस्सा लिया। इनमें डीएसपीएम कोरबा पूर्व, एचटीपीएस कोरबा पश्चिम, एबीवीटीपीएस मड़वा, बिलासपुर रीजन, रायपुर रीजन, रायपुर सेंट्रल, जगदलपुर रीजन एवं दुर्ग रीजन की टीम शामिल रही। कैरम स्पर्धा में पुरुष वर्ग में जगदलपुर रीजन की टीम विजयी रही जबकि बिलासपुर की टीम उपविजेता बनीं। व्यक्तिगत श्रेणी में पुरुष एकल में डीएसपीएम कोरबा पूर्व के विनोद कुमार राठौर विजेता बने एवं बिलासपुर रीजन के सुजीत कुमार मोदी उपविजेता रहे। एकल श्रेणी महिला वर्ग में दुर्ग क्षेत्र की शकुंतला कनक विजेता रहीं जबकि रायपुर सेंट्रल की कंचन महेश ठाकुर उपविजेता बनीं। महिला युगल में नमिता जैन और कंचन महेश ठाकुर विजयीं रहीं जबकि शकुंतला कनक और दुर्ग क्षेत्र की अनिता रोही उपविजेता रहीं। शतरंज स्पर्धा के पुरुष वर्ग में दुर्ग रीजन की टीम ने खिताब अपने नाम किया जबकि एबीवीटीपीएस मड़वा की टीम उपविजेता रहीं। महिला वर्ग में रायपुर रीजन की टीम विजेता बनीं एवं एचटीपीएस कोरबा पश्चिम की टीम उपविजेता रही।शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व्यक्तिगत श्रेणी में सुरेश वर्मा, राजेश गोपाल गुप्ता, डीपी तिवारी एवं मुकेश सोनकर ने खिताब अपने नाम किया।


विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

## आपसी सामंजस्य के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली त्योहार

**फगुरम।** होली त्योहार आपसी सौहार्द्र व शांति पूर्वक मनाने फगुरम चौकी प्रभारी के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने आपसी सामंजस्य के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली त्योहार मनाने की बात कही। उन्होंने सभी से होली में शराब न पीने और किसी व्यक्ति को तंग न करने की समझाइए दी गई अगर ऐसा करते हुए पाए जाने पर उसके खिलाफ उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ वाहन संबंधित जानकारी भी दी गई, दो पहिया वाहनों के बीमा, हेलमेट ,और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाकर चलने के संबंध मे जानकारी दी। अगर ऐसा न करते हुए पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति की बैठक में आसपास गांव के बोडासागर सरपंच विक्की डनसेना , विशाल राठौर, धनेश्वर वर्मा, कमलकांत, कबीर शरण दिवान , नरेंद्र वर्मा , विनोद पांडे, महेंद्र टंडन और गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे।



## परिवार, समाज और देश को मजबूत बनाने महिला का शिक्षित होना जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने हर्षोल्लास से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने हर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 मार्च को हर्षोल्लास के साथ समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता के निवास स्थान पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस दिवस मनाया। सर्व प्रथम सभी सदस्यों का तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता ने कहा कि महिलाओं के संघर्ष कार्य उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने करने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है इसलिए आज का दिन हम सभी महिलाओं के लिए गर्व और सम्मान का दिन है महिलाएं एक दूसरे की उन्नति को अपना लक्ष्य बनाएंगी तो ना सिर्फ़ अपने आप को बल्कि अपने परिवार के साथ ही पूरे समाज में बदलाव ला सकती हैं और जब महिला स्वयं शिक्षित, और सशक्त होकर परिवार, समाज और देश को भी मजबूत बनाने में सहयोग करती है तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का दिन सार्थक होगा। तत्पश्चात उपस्थित सभी सदस्य महिला दिवस पर श्रीमती क्षमा, सरला, रिंकी , विभा, दुर्गेश, प्रियंका, अनुपमा, अलका, मनीषा ,सुशीला, मीनू ,मंजू ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न मनोरंजक, एक मिनट गेम खेलकर खुशियां मनाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता, रिंकी गुप्ता, मीनू,पूर्णिमा, सरिता, तृप्ति, प्रिती, सुशीला, प्रमिला, दिव्या,आशी,शान्ती, मान्या नव्या मिल्की शामिल हुए।


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## जिला कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर ईडी का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास सहित विभिन्न स्थानों पर 10 मार्च को अवैधानिक एवं विद्वेष पूर्ण तरीके से किए गए छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में 11 मार्च को जिला कांग्रेस द्वारा ई डी एवं केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रमें जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, उत्तम पाटले, प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, युवक कांग्रेस, जिला अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे, अनुसूचित जाति विभाग जिला अध्यक्ष महारथी बघेल,श्रीमती सीमा शर्मा ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल, जिला कांग्रेस महामंत्री शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, महेश्वर टंडन, सुनील साधवानी, गोविंद कश्यप,राघवेंद्र सिंह, आभास बोस, नागेंद्र गुप्ता, किशन सोनी, परमेश्वर निर्मले, पार्षद विष्णु यादव, आकाश तिवारी सहित बी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कचहरी चौक में विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## हारने वाली टीम को कभी भी नहीं होना चाहिए निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में नेगुडीह विजेता एवं पण्डरिया उपविजेता

जिला कबड्डी संघ के द्वारा जय मां समलाई दाई दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता ग्राम पंचायत गतवा में आयोजित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में 14 टीम बिर्रा जैजैपुर पड़रिया सोन लोहर्सी बोरसी सुकदा सरवानी सेमरिया भाटगांव अकलसरा घिवरा मस्तुरी नेगुडीह गतवा ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नेगुडीह दस हजार एक सौ रू शील्ड, द्वितीय उपविजेता सात हजार एक सौ रू शील्ड पड़रिया को मुख्य अतिथि गंगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मोहन कुमारी साहू सदस्य जिला पंचायत विशिष्ट अतिथि रोहित चद्रा भुवनलाल साहू जीवन साहू पत्रकार संजू साहू की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि गंगन जयपुरिया उपाध्यक्ष ज़िला पंचायत, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमती मोहन कुमारी ने संकटमोचन हनुमान जी के प्रतिमा के तैल चित्र में माल्यार्पण कर अगरबत्ती से पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ में अतिथियों को पुष्प गुच्छ से भेट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गंगन जयपुरिया ने अपने उद्बबोधन में कहा कि खेल को खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत लगा रहता है। खेल में किसी एक टीम जीत होती है, हारने वाले टीम को कभी भी हताशा नहीं होनी चाहिए, बल्कि आनेवाले समय में हारे टीम को कड़ी अभ्यास करने से फतेह हासिल कर सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू ने कहा कि हर गांव में इस तरह का आयोजन होनी चाहिए इससे गांव में खिलाड़ी का उदय होता है और अपनी हर खिलाड़ी में एक खेल निहित होता है खिलाड़ी को हमेशा खेल भावना से खेलना चाहिए। कार्यक्रम को पूर्व सरपंच रोहित चद्रा, पत्रकार जीवन साहू संजू साहू सरपंच भुवनलाल साहू ने अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश चद्रा एसबाई कियोस्क, भुवनलाल साहू, लाला केवट, जीवनसाहू, फागूलाल, दाऊरामसाहू, जैतराम, गनपत, गंगाराम, बलराम, सोनाऊराम, गणेश, दिनेश के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


उपस्थित विजेता खिलाड़ी।

## हाथी ने मंदिर व घर को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब डेढ़ बजे एक दंतैल हाथी जुनवानी गांव पहुंच गया। भोजन की तलाश में पहुंचे हाथी ने मंदिर और एक मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके साथ ही किसानों के फसल को भी बर्बाद किया है।

जानकारी के अनुसार रात करीब डेढ़ बजे गांव के चौहान मोहल्ला में हाथी के आने के बाद उसके चिंघाड़ने की आवाज सुन कर गहरी नींद में सो रहे ग्रामीणों की नींद खुल गई। ग्रामीणों को यह समझते देर न लगी कि बस्ती में हाथी दाखिल हो चुका है। इसके बाद ग्रामीण अपने घरों से निकलने लगे। तब उन्होंने देखा कि चैहान मोहल्ला में एक बड़ां दंतैल घूम रहा है और खाने की तालाश में उसने बुधु धनवार के कच्चे घर के दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके बाद ग्रामीण हाथी को खदेड़ने के लिए टॉर्च जलाकर कई तरह की आवाजें निकालने लगे, लेकिन हाथी गांव में ही डटा था। हाथी बस्ती में घुसते हुए उसने चौराहे में सहनी धनवार द्वारा बनाए गए मंदिर को भी सूंड से तोड़ दिया। ग्रामीण हल्ला कर उसे खदेड़ने में लगे थे। देर रात हाथी करीब 3 बजे रामप्रसाद डनसेना, उसतराम समेत अन्य किसानों की केले और सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद हाथी जंगल की ओर लौट गया। जुनवानी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि हाथी काफी बड़ा था और उसे भगाने से वह भाग नहीं रहा था। काफी हो-हल्ला किया गया।

